Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation

मार्च 2022

के के मोदी ख़्वाबगाह ब्लॉक के शिलान्यास समारोह के अवसर पर उपस्थित सदस्य बाएँ से दाएँ- लतिका दीक्षित (डायरेक्टर-मोदीकेयर फॉउंडेशन), समीर मोदी (वॉइस चेयरमैन - मोदीकेयर फॉउंडेशन), प्रदीप कुमार (डायरेक्टर - एस डी एम सी - एजुकेशन), नीतू चौधरी (चेयरपर्सन - एस डी एम सी हेल्थ कमेटी)

शिलान्यास समारोह

एसडीएमसी जसोला स्कूल में एक नए ब्लॉक - 'केके मोदी ख़्वाबगाह ब्लॉक' की आधारशिला श्री समीर मोदी, वॉइस चेयरमैन - मोदीकेयर फॉउंडेशन द्वारा 7 मार्च, 2022 को रखी गई; श्री प्रदीप कुमार, निदेशक शिक्षा एसडीएमसी और सुश्री नीतू मनीष चौधरी, चेयरपर्सन स्वास्थ्य समिति एसडीएमसी इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित रहे। यह एन जी ओ और सरकार की साझेदारी का एक ऐसा महत्वपूर्ण मौका है, जब एन जी ओ विद्यालय भवन निर्माण कर सरकारी तंत्र (एसडीएमसी) को सौपने जा रहा है।

मोदीकेयर फॉउंडेशन ने छात्रों के समग्र विकास के लिए 2016 में एसडीएमसी प्रतिभा विद्यालय जसोला I और II को अपनाया। मोदीकेयर फॉउंडेशन द्वारा किए गए हस्तक्षेपों के कारण, स्कूल के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके कारण छात्रों को मौजूदा कक्षाओं में समायोजित नहीं किया जा सकता है।

इस समस्या का समाधान करने और संस्था के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, फॉउंडेशन एसडीएमसी जसोला के छात्रों और समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ और सीखने के अनुकूल विद्यालय भवन दान कर रहा है। विद्यालय भवन की निम्नलिखित विशेषताएँ होंगी जैसे स्ट्रक्चरल स्टील (पर्यावरण को कम प्रदूषित करता है), टेराज़ो टाइल्स (टिकाऊ और मज़बूत टाइल्स का स्थायी उपयोग), दोहरी दीवारें (ठंडा करने के लिए बिजली पर निर्भरता को कम करने के लिए) और गुम्बद नुमा छत (गर्मी और ठंड से सुरक्षा के लिए।

के के मोदी ख़्वाबगाह ब्लॉक के शिलान्यास की तस्वीरें

मोदीकेयर फॉउंडेशन की वार्षिक समीक्षा और अग्रिम वर्ष की कार्य योजना बैठक

मोदीकेयर फॉउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों के लिए वार्षिक समीक्षा एवं योजना कार्यशाला 15 मार्च, 2022 को आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में टीमों ने वर्ष 2021-2022 में किए गए कार्यों की गुणात्मक और मात्रात्मक समीक्षा प्रस्तुत की। इसमें टीम द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर गतिविधियों की रैंकिंग भी शामिल थी।

वार्षिक समीक्षा के अलावा, टीमों ने 2022-2023 के लिए वार्षिक कार्य योजना भी प्रस्तुत की, जिसमें दो योजनाएँ शामिल थीं, एक फिजिकल और दूसरी ऑनलाइन के लिए। यह सरकार द्वारा अचानक किए गए लॉकडाउन से उत्पन्न अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया।

मोदीकेयर फॉउंडेशन में पहला महीना – जमुना

मैं जीवन में अपने उद्देश्य की तलाश में थी और इस प्रकार मैंने सामाजिक कार्य में परास्नातक का विकल्प चुना। परास्नातक डिग्री पूरा करने के बाद, मुझे मोदीकेयर फॉउंडेशन में काम करने का मौका मिला, यह एक ऐसी जगह है जहाँ मेरा जुनून मेरी संवेदना से मिलता है। फॉउंडेशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर काम कर रहा है। यहाँ काम करके, मुझे सीखने के अंतराल के वास्तविक कारण के बारे में पता चला, जिसके बारे में मैंने केवल एएसईआर रिपोर्ट में पढ़ा था। जब मैं कक्षा में पहुँचती हूँ और बच्चों के प्रसन्न चेहरे देखती हूँ तो मुझे बहुत खुशी होती है। उनके प्यारे स्माइली चेहरे और उनकी जिज्ञासा मुझे कड़ी मेहनत करने की ऊर्जा देती है। संस्था द्वारा समय समय पर स्टाफ की आउटिंग भी सकारात्मक और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने में बहुत मदद करती है।